19-April -JAS Bhoomi -pg-1_Layout 1 4/19/2024 8:07 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 36.2 डिग्री


हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


2 पहननी है चिकनकारी कुर्ती तो ऐसे पूरा करें अपना लुक



### भुरानीडांड से बिपैतपुर वापस आ रही थी स्कार्पियो

## बाराती स्कार्पियो महुआ पेड़ से टकराई, छह घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नारायणपुर थाना क्षेत्र में आने वाले साहीडांड के पास एक तेज रफ़्तार स्कार्पियो अनियंत्रित हो कर महुआ पेड़ से जा टकराई। वाहन में सवार सभी छह यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए है।

जानकारी के अनुसार स्कार्पियो बाराती गाड़ी है। जो सुरजपुर भुरानीडांड से शादी समारोह से दुलदुला के कोरना बिपैतपुर वापस लौट रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना सुबह 5 बजे की बताई जा रही है, देखने वाले लोगों का कहना है कि साहीडांड के पास तेज रफ्तार से गुजर रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 एनए 8852 अनियंत्रित होकर महुआ के पेड़ से जा टकराई, घटना का बाद स्कार्पियो में 5 पुरुष व 1 महिला सवार थे,सभी घायल हो गए है। इसमें 3 पुरुषों के चेहरे और पैर में चोटें आई हैं तो वहीं वाहन में सवार एक पुरुष और महिला के पैर में गंभीर चोट है। वाहन सवार एक घायल ने बताया कि सभी घायल दुलदुला के कोरना ग्राम बिपैतपुर के रहने वाले हैं, वे लोग सूरजपुर के भुरानीडांड ग्राम में बारात में शामिल होने आए थे और विवाह संपन्न होने पश्चात अपने घर की ओर वापस जाने के लिए निकले थे। तभी 5 बजे अचानक यह हादसा घटित हुआ है।



पेड़ से टकराई स्कार्पियों। इनसेट में घायल व्यक्ति।

### 108 सेवा की फिर से खुली पोल

घटना उपरांत ग्रामीणों ने घायलों की मदद के लिए 108 एंबुलेंस को फोन लगाया लेकिन हर बार की तरह इस बार भी 108 एंबुलेंस सेवा ने गाड़ी न होने की बात कह कर घायलों को किसी अन्य वाहन से अस्पताल भेजने का बात कहा गया जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा 3 घायलों को किसी तरह स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। समाचार लिखे जाने तक अभी भी 2 घायल घटना स्थल पर रोड किनारे पड़े हैं और पैर में लगे गंभीर चोट के कारण दर्द से कराह रहे हैं बताया जा रहा उनके पैर में गंभीर चोट आने से फ्रैकचर होने अथवा हड्डी टूट जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### मीटर रीडिंग कार्य से रीडरों को हटाया

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के निर्देश पर समय-सीमा में कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग ने मीटर रीडर रोनाल्ड खेस्स एवं मनजीत गीत को मीटर रीडिंग कार्य से हटा दिया है। मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पण्डरसीली निवासी शत्रुधन राम एवं ग्राम बेलडीह के राम भगत राम के द्वारा बिजली बिल माफ करने हेतु एवं बिजली बिल अधिक आने के बाबत कलेक्टर के पास आवेदन किया था। ग्राम पण्डरसीली क्षेत्र का मीटर रीडर रोनाल्ड खेस्स एवं बेलडीह क्षेत्र का मीटर रीडर मनजीत गीत के द्वारा कई माह से बगैर मीटर रीडिंग किये अनुमानित रीडिंग भरा जा रहा था। जिससे मीटर में रीडिंग एकत्रित हो जाने के कारण बिल अधिक आया था। कलेक्टर ने संज्ञान में आते ही समय-सीमा में समस्या का निराकरण करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में विद्युत विभाग ने समय-सीमा में कार्रवाई करते हुए मीटर रीडर रोनाल्ड खेस्स एवं मनजीत गीत को मीटर रीडिंग कार्य से हटा दिया है।

## शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए विनोबा एप के साथ प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में विनोबा एप के साथ शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए जिले के समस्त विकासखंडों में संचालित सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से एक-एक शिक्षक 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अयोजित कार्यशाला में शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को दूसरे दिन मनोरा, कुनकुरी, बगीचा और पत्थलगांव के 922 शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल हुए। ओपन लिंक फाउंडेशन पुणे की ओर से जशपुर आई मास्टर ट्रेनर्स की टीम ने इन चार विकासखंडों में विनोवा एप में पंजीयन और इसके उपयोग के विषय में शिक्षकों को जानकारी दी गई । साथ ही एकेडमिक आंकड़ों के संधारण तथा शिक्षकों के नवाचारी और अच्छे कार्यों की शेयरिंग के साथ लर्निंग कैसे करें, इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। शुक्रवार को दो सत्रों में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा दोपहर 2.00 बजे से 5.00 बजे तक अलग-अलग बैच में शिक्षकों की ट्रेनिंग विकासखंड मुख्यालय में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं एबीईओ, बीआरसीसी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।






## सरगुजा कमिश्नर ने की लोकसभा निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा



अधिकारियों को शपथ दिलाते कमिश्नर।

**जशपुरनगर।** सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक लेकर निर्वाचन तैयारी की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, डीएफओ जितेंद्र कुमार उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सेक्टर अधिकारी सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर चुरेन्द्र ने कहा कि एसडीएम, तहसीदार, सेक्टर अधिकारियों का निर्वाचन संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना से अपने दायित्वों को निर्वहन करते हुए निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए नियुक्त अधिकारी कर्मठता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। सभी अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता के दौरान निष्पक्षता से कार्य कर निर्वाचन संपन्न कराएं। उन्होंने सुगम, सुघ्घर व समावेशी मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई, पेयजल, छाया, बिजली, शौचालय आदि जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की जांच कराकर व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही मतदाताओं को प्रलोभन देकर अपने पक्ष में मतदान कराने वालों पर निगरानी रखने तथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग को आपसी समन्वय से ताल-मेल रखते हुए सूचनातंत्र मजबूत करने कहा तथा निचले स्तर के कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय करने कहा है।

- **निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने में एसडीएम, तहसीलदार, सेक्टर अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण : कमिश्नर**

## अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन का समापन



पूजा में उपस्थित कौशिल्या साय।

**दोकड़ा।** गरियादोहर में आयोजित रामनवमी महोत्सव का शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, बजरंग दल के जिला संयोजक विजय आदित्य सिंह जूदेव, डीडीसी सालिक साय, महाकुल समाज के जिलाध्यक्ष गणेश यादव सहित कई दिग्गज नेता पहुंचे। जिले कांसाबेल तहसील क्षेत्र के ग्राम गरियादोहर में रामनवमी महोत्सव पर्व का आयोजन विगत 30 वर्षों से किया जा रहा है, महाकुल समाज द्वारा आयोजित इस अखंड कीर्तन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय महाआरती में शामिल हुई वहीं हरि कीर्तन में जमकर थिरकते हुई नजर भी आई और पूरी तरह से भक्तिमय में डूब गई।इससे पहले यहां भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जिसके बाद यहां 24 घंटे अखंड कीर्तन कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें पड़ोसी राज्य झारखंड ,ओडिशा के कीर्तन मंडली के साथ श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन में दधिभजन, नगर भ्रमण के साथ श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठ कर महाप्रसाद ग्रहण किया।

### अखंड कीर्तन में ओडिशा झारखंड के मंडली हुई शामिल

रामनवमी महोत्सव कार्यक्रम के दौरान अष्ट प्रहरी अखंड कीर्तन के आयोजन में प्रदेश सहित अन्य राज्य झारखंड ओडिशा के कीर्तन मंडली शामिल हुई। गरियादोहर में आयोजित कार्यक्रम में ठाकुरमुड़ा, बिच्छीटांगर, टिकलीपारा, तुमलिया, टिकलीडीह, लुडेग सहित कई मंडली शामिल हुई। अखंड कीर्तन कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के हजारों श्रद्धालु शामिल होने के लिए यहां पहुंचे थे।




19- APR-Jash-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/19/2024 8:12 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# सिल्वेस्टर पर लगा 'तुलसा किंग' के कलाकारों का अपमान करने का आरोप



हॉलीवुड अभिनेता और फिल्ममेकर सिल्वेस्टर स्टेलोन पर पैरामाउंट प्लस सीरीज 'तुलसा किंग' के अटलांटा सेट पर अन्य अभिनेताओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। आरोप लगा कि उन्होंने सेट पर टॉक्सिक माहौल बनाया। कहा गया है कि 'तुलसा किंग' के कास्टिंग निर्देशक रोज लॉक ने सीरीज छोड़ दी है। सिल्वेस्टर के प्रतिनिधियों ने टिप्पणी के पर जवाब नहीं दिया। 'तुलसा किंग' को 'येलोस्टोन' के सुपरस्टार श्रोता टेलर शेरिडन ने बनाया था। वर्तमान में वे अटलांटा में अपने दूसरे सीजन की शूटिंग कर रहे हैं। 'तुलसा किंग' का सीजन 1 का प्रीमियर नवंबर 2022 में हुआ था, जो ओक्लाहोमा में फिल्माया गया था, जहां शो सेट है। कहा जाता है कि पैरामाउंट प्लस को आरोपों की जानकारी है। रोज लॉक ने बताया कि उन्होंने शो से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि सेट पर काफी टॉक्सिक माहौल था। सिल्वेस्टर के खिलाफ जिन दावों पर अन्य अभिनेताओं के बीच चर्चा छिड़ गई, उन्हें टीवी लेखिका जूली बेन्सन ने सोशल मीडिया पर साझा किया। 8 अप्रैल को जूली ने एक्स पर दो स्क्रीनशॉट पोस्ट किए और लिखा, 'यह परेशान करने वाली खबर मेरे अटलांटा मित्र से मिली, जिसकी पृष्ठभूमि इस सप्ताह तुलसा किंग से है। कास्टिंग एजेंट ने नौकरी छोड़ दी, क्योंकि वह बहुत निराश थी। मेरा दोस्त अब काम करने को लेकर चिंतित महसूस कर रहा है। सिल्वेस्टर आपको अपने बारे में क्या कहना है सर? निराश होने के अलावा, मैं गुस्से में हूं।' स्क्रीनशॉट में एक फेसबुक पोस्ट था, जिसमें एक आरोप का जिक्र किया गया था कि स्टैलोन को शो के निर्देशक से यह कहते हुए सुना गया था, इन बदसूरत कलाकारों के साथ क्या हो रहा है। उन्होंने कलाकारों को बदसूरत और मोटा व्यक्ति कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे आसपास रहने के लिए युवा सूंदर लड़कियां लेकर आओ। फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि रोज लॉक ने शो से इस्तीफा दे दिया है और इसका हम समर्थन नहीं करते, यह कलाकारों का अनादर है।

### टॉलीवुड

# 'वेट्टैयन' में विलेन का किरदार निभाने होगी राणा की एंट्री



सुपरस्टार रजनीकांत अपनी आने वाली फिल्म 'वेट्टैयन' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह एक मल्टीस्टारर फिल्म है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक अफवाह सोशल मीडिया पर फैल रही है। इस अफवाह से ही दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म में अभिनेता राणा दग्गुबाती के किरदार को लेकर काफी चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि राणा दग्गुबाती विलेन का किरदार निभाते दिखेंगे। उनका किरदार बेहद खतरनाक होने वाला है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म सामाजिक मुद्दे पर आधारित है। इसका निर्देशन टीजे ग्नानवेल कर रहे हैं। फिल्म में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा फहद फासिल, दुशारा विजयन, रितिका सिंह और मंजू वारियर भी मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे। 'वेट्टैयन' में जाने-माने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर की धुनें भी सुनने को मिलेगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर से रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इससे पहले दोनों को साल 1991 में रिलीज हुई फिल्म 'हम' में देखा गया था। मेकर्स ने कुछ दिन पहले ही फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया था। इसके साथ बताया गया था कि फिल्म 'वेट्टैयन' अक्तूबर 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### छॉलीवुड

# प्रणव झा की बीए फाइनल ईयर आज आएगी बड़े पर्दे पर



प्रणव झा निर्देशित "बीए फाइनल ईयर" 19 अप्रैल को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर पिछले दिनों रिलीज हुआ था। ट्रेलर रिलीज होने के बाद यह तो साफ हो गया था कि दर्शकों को फिल्म में साउथ इंडियन अभिनेत्री और छत्तीसगढ़िया हीरो की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। फिल्म में अभिनेता मन कुरैशी और अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल की जोड़ी भी बेहद आकर्षक लग रही है। फिल्म अभिनेता मन कुरैशी नगर निगम की गाड़ी में कचरा ढोने का काम करते हैं साथ ही साथ उस कॉलेज में पढ़ाई करते हैं जिस कॉलेज में साउथ इंडियन अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल भी अध्यनरत है। छत्तीसगढ़िया हीरो को साउथ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है और उनके प्यार में आडे आती है साउथ इंडियन लड़की की मां। फिल्म की कहानी कुछ हद तक कमल हासन और रति अग्निहोत्री की 'एक दूजे के लिए' की याद दिलाती है। हालांकि पूरी कहानी का खुलासा तो फिल्म के रिलीज होने के बाद ही होगा। बीए फाइनल ईयर का ट्रेलर सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर बड़ी तादाद में व्यू बटोर रहा है। फिलहाल फिल्म के रिलीज होने पर ही साफ होगा कि दर्शक कितना प्यार लुटाते हैं।

## लाइफ स्टाइल

### यूनिक स्टाइल



न्यूयार्क फैशन वीक में डिजाइनर कोशिश करते हैं कि उनकी दी हुई डिजाइन अनूठी हो। अलग-अलग थीम पर तैयार ड्रेस के साथ मॉडल रैम्प पर उतरते हैं। पिछले दिनों यहां यूनिक स्टाइल पर हुए शो से पहल सारे मॉडल एक साथ नजर आ रहे हैं। सभी किसी एक डिजाइनर की नहीं बल्कि अलग-अलग डिजाइनर के कलेक्शन के साथ स्टेज पर नजर आए।

# कर्ली हेयर को स्ट्रांग और शाइनिंग बनाने जानें उपाय



मौसम कोई भी घुंघराले बालों को काफी केयर की जरूरत होती है। घुंघराले बालों की केयर नहीं करने पर वो ड्राई हो जाते हैं और वजह से बालों के झड़ने की समस्या शुरू हो जाती हैं। जहां हर महिला चाहती हैं कि उसके घुंघराले बाल स्ट्रांग हो साथ ही वो खूबसूरत नजर आए तो ऐसे में जरूरी है बालों की सही तरीके से केयर करें। इस आर्टिकल में हम आपको कर्ली बालों की कैसे केयर करें ऐसी कई सारी टिप्स देने जा रहे हैं और इन टिप्स को फॉलो करने से आपके कर्ली बाल स्ट्रांग होंगे तो वहीं शाइन भी करेंगे।

**ऑइलिंग और साफ-सफाई है जरूरी :** कर्ली हेयर की केयर करने के लिए इनकी सफाई करना बहुत ही जरूरी है और इसके लिए जरूरी है बालों को धोना। बालो को धोने से पहले इनपर अच्छी तरह से तेल लगा लें और इसके लिए आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कंडीशनर और शैम्पू का करें इस्तेमाल :** बालो को हफ्ते में 2 से 3 साफ करें और इसके लिए सही शैम्पू का चुनाव करें। वहीं शैम्पू का इस्तेमाल के बाद बालों पर कंडीशनर भी लगाए। वबाल धोने के दौरान बालों को रगड़ें नहीं बल्कि हल्की हाथों से मालिश करते हुए बालो को धोएं।

**पानी के तापमान का रखें ध्यान:** बालों को धोने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि बालों को न ज्यादा गर्म पानी से धोएं न ही ठंडे पानी से धोएं। बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें ताकि बाल ड्राई न हो। वहीं अगर आप इस बात का ध्यान रखते हैं तो बाल स्ट्रांग और शाइनी होंगे ।

**बालों को करें ट्रीम :** कर्ली हेयर को समय-समय रहते हुए ट्रीम भी करें। ऐसा करें से दो मुंहे बालों की समस्या कम हो जाती है साथ ही बालों ग्रोथ भी बढ़ती हैं। वहीं बालों में चमक भी आती है।

**हीटिंग टूल्स का न करें इस्तेमाल :** कई बार ऐसा होता है जब हम बालों को सुखाने के लिए हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। बालों को सुखाने के हेयर ड्रायर का कम इस्तेमाल करें। हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से बाल कमजोर हो जाते हैं साथ ही बालों की शाइनिंग भी कम हो जाती है।

# पहननी है चिकनकारी कुर्ती तो ऐसे पूरा करें अपना लुक



जब भी गर्मी का मौसम आता है, तो लड़कियों को अपने कपड़ों की चिंता सबसे पहले सताती है। वो इस मौसम में ऐसे कपड़े पहनना चाहती हैं, जो पहनने में आरामदायक तो हों, लेकिन इससे उनके स्टाइल पर किसी तरह का प्रभाव न पड़े। ऐसे में वो इस तरह के ही कपड़ों का चयन करती हैं, तो कंफर्टेबल होने के साथ खूबसूरत भी दिखें। ऐसे कपड़ों में चिकनकारी कुर्ती को सबसे खास माना जाता है। चिकनकारी कुर्ती देखने में काफी क्लासी लगती है, और ये पहनने में काफी आरामदायक होती है। ऐसे में हर उम्र की महिला और लड़कियां चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद है, लेकिन आपको समझ नहीं आता, कि इसे कैसे स्टाइल करें, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको चिकनकारी कुर्ती को सही से स्टाइल करने का तरीका बताएंगे, ताकि गर्मी के मौसम में भी आपका लुक सबसे खूबसूरत दिखे।



### प्लाजो के संग पहनें

वैसे तो ज्यादातर लड़कियां चिकनकारी कुर्ता जींस के साथ ही कैरी करती हैं, लेकिन अगर आप ऐसा कुर्ता पहन रहीं हैं, तो उसके साथ प्लाजो पहनें। शिफॉन फैब्रिक का प्लाजो आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा।

### हील्स लगेगी खूबसूरत


आप चाहें तो अपने लुक को पूरा करने के लिए हील्स कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी कुर्ते के साथ हील्स काफी स्टाइलिश लुक देगी। अगर आपको हील्स नहीं पसंद तो कोल्हापुरी चप्पल भी इसके साथ कमाल की लगेगी।

### कानों में झुमके

एथनिक के साथ हमेशा झुमके प्यारे ही लगते हैं, लेकिन अगर बात करें चिकनकारी कुर्ते की, तो उसके साथ आप इस तरह के ईयररिंग्स भी कैरी कर सकती हैं। ऐसे ईयररिंग्स देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं।

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो ये आप पर काफी जचेंगे। चिकनकारी कुर्ते के साथ अपने बालों को अलग आप खुला रखेंगी, तो आपका लुक कमाल का लगेगा। इसीलिए अपने बालों को खुला ही रखें, ताकि आपका लुक देखने में स्टाइलिश भी लगे।

# शादी के फंक्शन में पहनने के लिए परफेक्ट हैं ये आउटफिटस



शादी किसी भी की हो इस खास मौके पर आप हर महिलाएं खास नजर आना चाहती हैं। कई बार ऐसा होता है जब महिलाएं एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर पाती हैं। वहीं अगर आप भी शादी में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से शादी में पहनने के लिए एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। सी आर्टिकल में हम आपको एक्ट्रेसेस के आउटफिट के कुछ लुक दिखाएंगे और इन लुक ससे आप शादी में पहनने के लिए आइडिया ले सकती हैं।

**साड़ी:** अगर आप शादी में साड़ी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के लुक से आइडिया लके सकती हैं। एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की साडी वियर की हैं और इस साड़ी में गोल्डन वर्क किया गया है। इस साडी के साथ अच्त्रेस्सने छूकर ज्वेल्लेरी पहनी है साथ ही बालों को एक साइड खुला करके स्टाइल किया है। वहीं आप भी इस तरह की साड़ी में वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको कई सरे डिजाइन में ऑनलाइन मिल जाएँगी साथ ही आप इन्हें ऑफलाइन भी खरीद सकती हैं। वी इस तरह की साड़ी आपको 1000 से 1500 रूपये में मिल जाएँगी।

**प्लाजो पैंट:** वहीं शादी के हल्दी फंक्शन के लिए आप इस तरह का येलो प्लाजो पैंट वियर कर सकती हैं और इस आउटफिट को किस तरह से स्टाइल करना हैं इसके लिए आप एक्ट्रेस हिना खान के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने बालों को खुला करके स्टाइल किया सतह ही एक्ट्रेस ने फुटवियर में हील्स पहने हैं। वहीं सी तरह की ड्रेस आपको बाजार में सस्ते दाम में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन भी इस तरह की ड्रेस को 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। वहीं किसी दरजी के पास से भी आप इस तरह की ड्रेस सिल्वा सकती हैं। वहीं मेहँदी फंक्शन के लिए आप इस तरह का सूट ग्रीन वेलवेट सूट वियर कर सकती हैं।

# अंगरखा सूट के साथ वियर करें ऐसी ज्वेलरी, दिखेंगी खूबसूरत



सूट के साथ जब आप ज्वेलरी वियर करती हैं तो इससे आपका लुक और भी अच्छा लगने लगता है। इसलिए आपको इसे ट्राई जरूर करना चाहिए। जब भी एथनिक आउटफिट की बात आती है तो सबसे पहले हम सूट को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन्हें पहनना भी आसान होता है। साथ ही इसे हम कहीं भी पहनकर जा सकते हैं। लेकिन यह लुक भी तभी अच्छा लगता है जब हम इसके साथ अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को वियर करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके लुक में एक अलग ग्रेस आता है। साथ ही अलग-अलग ज्वेलरी स्टाइल करने का मौका मिलता है।

**अंगरखा सूट के साथ स्टाइल करें चोकर सेट:** अंगरखा सूट के साथ चोकर सेट अच्छा लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी नेकलाइन ही काफी अट्रैक्टिव होती है। इसमें आपको वी शेप की नेकलाइन मिलती है। जिससे सूट के साथ पहनी जाने वाली ज्वेलरी और भी खूबसूरत लगती है। आप सूट के साथ हैवी वर्क वाले चोकर सेट को स्टाइल कर सकती हैं। साथ में स्टड इयररिंग्स को पेयर करें। इसे और सुंदर बनाने के लिए हाथ में रिंग भी पहन सकती हैं। जिससे यह पूरा लुक खूबसूरत लगे। मार्केट में इस तरह की ज्वेलरी आपको 50 से 100 रुपये में मिल जाएगी।

**ऑक्सीडाइज्ड कंगन और इयररिंग्स सेट:** अंगरखा सूट के साथ जरूरी नहीं की आप हैवी नेकलेस को वियर करें। आप इसके साथ कंगन और इयररिंग्स को ही वियर कर सकती हैं। इसके लिए आपको ऑक्सीडाइज्ड कंगन और इयररिंग्स का सेट खरीदना होगा। इसके लिए आप मार्केट जाकर पटरी में बैठने वाले लोगों से इसकी शॉपिंग कर सकती हैं। इयररिंग्स आपको 50 रुपये और कंगन 100 रुपये में मिल जाएंगे।

## कार्नर न्यूज

### नई दुल्हन के लिए जरूरी है लेटेस्ट फैशन के साथ लुक को भी निखारें

# शादी के बाद अपने स्टाइल से जीतें ससुराल वालों का दिल, कपड़ों से मेकअप तक का रखें ध्यान

शादी के बाद आप अपनी खूबसूरती को पहनावे, मेकअप और ज्वेलरी से और भी आकर्षक बना सकती हैं। जमाना फैशन का है, लेकिन शादी के बाद क्या आप अपने स्टाइल पर ध्यान देती हैं? शादी के दिन लड़कियां बहुत सुंदर दिखती हैं। वे महीनों से इस खास दिन के लिए तैयारी करती हैं, तब जाकर कहीं दुल्हन वाला निखार आता है लेकिन सिर्फ शादी के दिन सुंदर दिखने से काम नहीं चलेगा। जरूरी है शादी के बाद भी स्टाइलिश और आकर्षक दिखना, क्योंकि आप ही उस समय परिवार और आस-पड़ोस में आकर्षण का केंद्र होती हैं। ऐसे में आप किस तरह अपने लुक को खास बना सकती हैं और कैसे सबसे खास तथा खूबसूरत दिखें, इसके तरीके जान लें।








**कपड़ों का कलेक्शन:** साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिससे आप बेहतरीन पारंपरिक लुक पा सकती हैं। शादी के बाद कई ऐसी रस्में होती हैं, जिनमें आपको साड़ी पहननी होती है। ऐसे में दुल्हन पर गहरे रंग के साथ बनारसी साड़ी, सिल्क साड़ी और कांजीवरम साड़ी अधिक जंचती है और रॉयल लुक देती है। वहीं चिकनकरी साड़ी वजन में हल्की होती है। आजकल नेट भी फिर से ट्रेंड में है तो आप हल्के वर्क के साथ नेट की साड़ी भी पहन सकती हैं, लेकिन ध्यान रहे कि इस तरह की साड़ी पहनते समय आप इसे सही से पिनअप करें, ताकि उसे आसानी से संभाल पाएं। आप फैमिली फंक्शन के लिए डिजाइनर लाचा एवं लहंगा भी कैरी कर सकती हैं। वहीं, आप सूट में फ्लोरल सूट, अनारकली सूट, हैंड ब्लॉक प्रिंटेड सूट, नेक वर्क वाले सूट और स्ट्रेट कट सूट का कलेक्शन जरूर रखें। यदि आप चटक रंग पहनती हैं तो जरूर पहनें, क्योंकि शादी के बाद ऐसे रंग आपके निखार को और भी बढ़ा देते हैं।

**ड्रेस के अनुसार ज्वेलरी:** यदि आप रॉयल लुक साड़ी पहनती हैं तो उसके साथ पुराने डिजाइन या नए डिजाइन की गोल्ड ज्वेलरी भी बहुत फबती है। साथ ही चोकर सेट भी आपके लुक में चार चांद लगा देती है, इसलिए इसे अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। लाइट वेट साड़ी के साथ आप मैचिंग ज्वेलरी पहनें तो बेहतर होगा। सूट के साथ भी आप गोल्ड चेन, लाइट नेकलेस या मैचिंग/मेटालिक हैवी ईयररिंग पहन सकती हैं।

**हेयरस्टाइल:** शादी के बाद हेयरस्टाइल को लेकर नई-नवेली दुल्हनें काफी परेशान रहती हैं। इसलिए साड़ी या किसी भी तरह के आउटफिट के साथ अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप आसान और डिफरेंट हेयरस्टाइल, जैसे साइड रैप बन, साइड ब्रेड हेयर स्टाइल, लो बन, हाई वेवी पोनी टेल या वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

19- APR-Jash-RAGH--CORIYA-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/19/2024 8:09 PM Page 1





# 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का रजिस्ट्रेशन 26 से शुरू

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ी हैं। उनके लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। अब यह अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का ऐलान कर दिया है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसे देख प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं। आइए जानते हैं शो के रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होंगे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को आप सोनी टीवी पर देख सकते हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। चैनल ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'ऐसा मिला प्यार की लौट रहा है।

## लाइफ Style



# सोनाली

## 'द ब्रोकन न्यूज 2' का ट्रेलर जारी

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोनाली बेंद्रे की वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। यह सीरीज 10 जून, 2022 में जी5 पर रिलीज हुई थी। 'द ब्रोकन न्यूज' की सफलता को देखते हुए हाल ही में निर्माताओं ने सीरीज की दूसरी किस्त का ऐलान किया, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अब 'द ब्रोकन न्यूज' की दूसरी किस्त की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया है। जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर, इंद्रनील सेनगुप्ता, तारुक रैना, आकाश खुराना और किरण कुमार भी इसका हिस्सा हैं। विनय वाइकुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। समीर गोगेट इस सीरीज के निर्माता हैं। 'द ब्रोकन न्यूज' का प्रीमियर 3 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज की नई कहानी, सच भी बनेगा सनसनीखेज।' बता दें कि कैंसर की बीमारी ने सोनाली के साथ साथ उनके फैन्स को भी सदमे में डाल दिया। कैंसर का इलाज करने के लिए वे न्यूयॉर्क गईं, जहां कुछ महीनों तक उनका इलाज चला। इसके बाद उन्होंने कैंसर को मात दे दी। सोनाली ने साल 2002 में फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल के साथ शादी की। इसके बाद कुछ समय के लिए सिनेमा से दूर हो गईं। फिल्मों के अलावा फिलहाल टीवी शोज में बतौर जज सोनाली काफी एक्टिव थीं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने 19 साल की उम्र में ही अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत कर दी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'मंकी मैन' को मिल रहा भरपूर प्यार

**लॉस एंजिलस।** सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मंकी मैन' के साथ ओस्कर-नॉमिनेटेड देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। यह एक एक्शन-पैक्ड रिवेंज टेल है, जो अब आखिरकार थिएटरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है, क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है, और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खींच रहा है।



# टाइटैनिक का हीरो 49 का, 29 की गर्लफ्रेंड संग हुआ स्पॉट...

**लॉस एंजिलस।** लियोनार्डो डिकैप्रियो और गीगी हदीद का रोमांस एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है, अफवाह है कि इस जोड़ी को एक बार फिर एक साथ देखा गया है। ऑस्कर विजेता एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो और सुपरमॉडल गीगी हदीद के बीच रोमांस काफी समय से हॉलीवुड खबरों का फेवरेट सबजेक्ट रहा है। पिछले साल सितंबर में डेटिंग की अफवाहें फैलने के बाद, डिकैप्रियो और हदीद ने अपने ब्रेक-अप और पैच-अप की अटकलों से कई बार नेटिजन्स और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। अब एक बार फिर दोनों साथ में नजर आए। भले ही डिकैप्रियो 49 साल के हैं और हदीद 29 साल की हैं, लेकिन दोनों की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। उम्र का अंतर इस रोमांटिक कपल के सामने फीका लगता है।




# धोनी पर बनी रही एक और फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की ओर उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है। दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है।



# अक्षय साउथ में कदम रखने को तैयार

**मुंबई।** अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अक्षय की आने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन', 'वेलकम टू द जंगल', 'फिर हेरा फेरी 3' और 'शंकरा' शामिल हैं। अब अक्षय दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही फंतासी ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' की स्टार कास्ट में अक्षय शामिल हो गए हैं। 'कन्नप्पा' विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। विष्णु ने अक्षय का स्वागत करते हुए लिखा, 'यह यात्रा और अधिक रोमांचक हो गई है क्योंकि हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म सिनेमा में स्वागत कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल को मिला था अमर सिंह चमकीला का ऑफर

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया एपिसोड अब तक का सबसे मनोरंजक था और इसे देखने वाले दर्शकों ने खूब एंजॉय किया क्योंकि इसमें दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली अपनी नई फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रमोशन करते नजर आए थे। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की और लोगों को हंसाया। कपिल शर्मा ने हाल ही में शो की शूटिंग के पीछे का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि उसे जानकर लोग हैरान रह गए। क्लिप में कपिल शर्मा ने बताया कि उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए एआर रहमान का फोन आया था, लेकिन वो मिस कर गए और फिर जब उनके कॉल के सच का पता चला तो वो पूरी रात रोते रहे।

***कपिल को आया था एआर रहमान का फोन :*** कपिल शर्मा ने एआर रहमान की जिस कॉल के मिस होने का खुलासा किया, वो उनके एक्टिंग करियर के लिए कारगर साबित हो सकती थी क्योंकि वो देश के लोकप्रिय क्रमेडियन इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनें लेकिन तब कपिल शर्मा को लगा कि रहमान सिर्फ दोस्ताना व्यवहार कर रहे हैं।

***विदेश में रहने के कारण कॉल मिस की :*** पर्दे के पीछे की क्लिप में कपिल ने जिक्र किया कि उन्होंने फिल्म के म्यूजिकल एआर रहमान की कॉल मिस कर दी, क्योंकि वो विदेश में थे। कपिल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'मैं एक दिन रहमान सर से मिला और उन्होंने कहा, 'मैंने तुम्हें चमकीला के लिए बुलाया था। कपिल ने आगे बताया कि 'मुझे लगता है कि वो चाहते थे कि मैं कोई गाना या कुछ और गाऊं मुझे लगा कि वो मेरे साथ सिर्फ मीठी-मीठी बातें कर रहे थे।

***मौका खोकर रातभर रोए कपिल शर्मा :*** वहीं इम्तियाज ने कहा कि रहमान ने कपिल की सिंगिंग के बारे में बात की थी। कपिल ने कहा, 'उन्होंने मुझसे ये बात सीरियस अंदाज में कही। मैंने कहा, 'सर हम विदेश में थे और इसीलिए हम एक-दूसरे से बात नहीं कर सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण था।

### दमदार है अमर सिंह चमकीला की कहानी

बता दें कि फिल्म की समीक्षा में कहा गया, 'हीरो के रूप में दिलजीत ने शानदार अभिनय किया है। अमर सिंह चमकीला का किरदार उनके लिए ही बनाया गया है और वो इसमें अपना दिल लगा देते हैं। उनकी कड़ी मेहनत स्पष्ट है और फिर भी उनका प्रदर्शन सहज है। उन्हें चमकीला बनते और उनके गाने गाते हुए देखना आपके दिल को अनूठे आनंद से भर देगा। यहां तक कि कुछ भारी-भरकम सीन्स में भी, वो एक दुर्लभ संयम सामने लाते हैं और शिष्टता की एक पूरी नई परत प्रस्तुत करते हैं। निस्संदेह, यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और बीच में कहीं, आप उसे चमकीला के साथ एक होते हुए देखेंगे और बहुत जल्द, आप उन ताकतों को अलग नहीं कर पाएंगे जिन्होंने पंजाब के संगीत उद्योग को हमेशा के लिए बदल दिया।

# जूनियर एनटीआर ने पहनी बेहद महंगी घड़ी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जान-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में



एनटीआर को मुंबई में एक स्टूडियो के बाहर देखा गया था, जहां उनकी घड़ी ने सबका ध्यान खींच लिया। एनटीआर ने रिचर्ड मिल्ली की घड़ी पहनी हुई थी, जिसकी कीमत हर कोई जानना चाहता है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता की इस घड़ी की कीमत 7.5 करोड़ रुपये है। एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। सैफ अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म अब 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

# माधुरी-विद्या 'भूल भुलैया 3' में लगाएंगी डांस का तड़का

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जहां कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं, वहीं अभिनेत्री विद्या बालन भी अपनी शानदार अदाकारी के चलते खूब वाहवाही लूटती हैं। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिल्म 'भूल भुलैया 3' के लिए साथ आ रही हैं। खास बात यह है कि निर्माताओं ने उन पर एक डांस नंबर फिल्माने का फैसला किया है।

***अमी जे तोमार नाम के गाने पर थिरकेंगी दोनों :*** रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म में एक स्पेशल डांस नंबर रखा है, जो इसके मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। इस गाने में माधुरी और विद्या पहली बार साथ पर्दे पर थिरकती नजर आएंगी। फिल्म का यह गाना बेहद खास होगा। निर्माता भूषण कुमार विद्या और माधुरी पर 'अमी जे तोमार' नाम का गाना फिल्माने जा रहे हैं। गाने की शूटिंग के लिए लोकेशन पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। इसकी शूटिंग अगले महीने हो सकती है।

***कार्तिक भी मचाएंगे धमाल :*** रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह गाना बड़ा धमाकेदार रहने वाला है और इसके बोल कुछ ऐसे होंगे, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन भी इस गाने में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म का यह गाना सभी मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। यह गाना फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने के लिए रखा गया है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।

### 'भूल भुलैया' में 'मंजुलिका' बन विद्या ने जीता था दिल

विद्या 2007 में आई 'भूल भुलैया' की पहली किस्त का हिस्सा थीं, जिसमें वह अवनि और मंजुलिका के किरदार में दिखी थीं। इस फिल्म में अक्षय और शाइनी आहूजा भी शामिल थे। इसके बाद 2022 में फिल्म की दूसरी किस्त आई, जिसमें कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी और तब्बू भी नजर आई थीं। अब अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही 'भूल भुलैया 3' आएगी, जिसके लिए कार्तिक और विद्या ने पहली बार हाथ मिलाया है।

***विद्या की 1 फिल्म कतार में, माधुरी के हाथ में नहीं कोई फिल्म :*** विद्या फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार अभिनेता प्रतीक गांधी और इलियाना डिक्रूज नजर आएंगी। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर सामने आया था, जिसमें खासतौर से विद्या की काफी तारीफ हुई थी। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। उधर माधुरी को आखिरी बार 2022 में फिल्म 'मजा मा' में देखा गया था।



## दादासाहेब फाल्के की है लंका दहन साइलेंट मूवी, एक ही शख्स ने निभाया राम-सिया का किरदार

# 107 साल पहले बनी थी भगवान राम पर पहली फिल्म

*नए दौर में नए विजुअल इफेक्ट्स और बड़े बड़े कलाकारों के साथ फिल्मी पर्दे पर आई फिल्म आदिपुरुष कोई कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन आज से 107 साल पहले जब भगवान राम की कहानी फिल्मी पर्दे पर आई थी तो थियेटर में दर्शकों की लाइन लग गई थी। बता दें कि उस रामायण में न आवाज थी न कोई भारी भरकम एक्ट्रेस।*

### थियेटर्स में मंदिर जैसा माहौल, दर्शक जूते-चप्पल उतारकर जाते थे भीतर

**नई दिल्ली।** दिलचस्प बात तो ये है कि राम और सिया का रोल प्ले करने के लिए एक ही शख्स को चुना गया। वही फिल्म का राम था और वही सीता भी। उसके बावजूद थियेटर्स में पूरी तरह मंदिर जैसा माहौल रहता था। दर्शक भीतर जाने से पहले जूते और चप्पल निकालकर जाया करते थे। इस रामायण को दादा साहब फाल्के ने लंका दहन के नाम से बनाया था।

### फिल्मों के लिए नहीं मिलती थी हीरोइन

इस फिल्म की खास बात ये थे कि फिल्म के लिए दादा साहब फाल्के को हीरोइन नहीं मिला करती थीं। साल 1913 में दादा साहब ने हरिश्चंद्र फिल्म बनाई। इस फिल्म में भी हीरोइन का रोल अदा किया अन्ना सालुंके नाम के शख्स ने। उनके पतले हाथ और दुबला पतला



डील डौल महिला का किरदार निभाने के लिए बिलकुल उपयुक्त था। इसलिए जब 1917 में दादा साहब ने लंका दहन बनाना शुरु की तो अन्ना सालुंके को ही सीता का रोल दिया। चुनौती थी पुरुष का किरदार अदा करने की लेकिन अन्ना सालुंके ने अपने हाव भाव और बॉडी लेंग्वेज पर इतना काम किया कि वो राम के किरदार में भी फिट बैठे और उन्होंने ही राम का किरदार भी निभाया।

### डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बने

राम और सीता दोनों का रोल कर अन्ना सालुंके तो हिंदी सिनेमा के डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बन गए। सबसे बड़ी बात ये थी कि लोगों ने भी उन्हें दोनों रोल में अपनाया। राम सीता की रामायण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग थियेटर तक पहुंचे। नई टेक्निक से डबल या तीन रोल करना आज के कलाकारों के लिए भले ही आसान हो गया है लेकिन सोचिए कि आज से 107 साल पहले डबल रोल वाली फिल्म को बनाने में कितनी न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा।

### बिना आवाज के जगाया भक्तिभाव

बता दें कि इस फिल्म की छवि कुछ ऐसी बनी कि लोग कलाकारों को भगवान का ही दर्जा देने लगे। उस जमाने में यह फिल्म जिस थियेटर में लगी थी वहां भक्तिभाव का आलम ये था कि लोग जूते-चप्पल उतार कर ही सिनेमा हॉल के भीतर जाते थे। हालांकि फिल्म में कोई आवाज नहीं थी। उसके बाद भी भगवान के प्रति भक्ति का संदेश लोगों तक साफ साफ पहुंचा।

